संख्या-126 /2024/2954/30-3-2024

प्रेषक,

के0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उ0प्र0, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 03 दिसम्बर, 2024

विषय : जनपद लखनऊ, औरैया एवं सीतापुर में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड की स्थापना हेतु कार्यदायी संस्था के नामांकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1996इन्फ/2024-10इन्फ/2023, दिनांक 07 नवम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद लखनऊ, औरैया एवं सीतापुर में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड की स्थापना हेतु डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड (यान निरूद्ध स्थल) के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था का चयन शासन स्तर से किये जाने का अनुरोध किया गया है, ताकि चयनित संस्था से उक्त निर्माण कार्य हेतु आगणन प्राप्त किये जा सकें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा जनपद लखनऊ, औरैया एवं सीतापुर में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड की स्थापना हेतु कान्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (सी0 एण्ड डी0एस0) (उ0प्र0 जल निगम) को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।

3- कृपया तदनुसार उक्त जनपदों में डिटेंशन यार्ड/डम्पिंग यार्ड की स्थापना हेतु चयनित कार्यदायी संस्था से आगणन प्राप्त कर शासन में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(के0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-126/2024/2954/30-3-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख अभियन्ता, विकास एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
2- वित्त नियंत्रक, कार्यालय परिवहन आयुक्त, उ0प्र0।
3- संबंधित संभागीय/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी। (द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0)
4- प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग।
5- संबंधित कार्यदायी संस्था- कान्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (सी0 एण्ड डी0एस0) (उ0प्र0 जल निगम)।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(नितिन कुमार गुप्त)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।